16/01/2026

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विकसित भारत - रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) - VB G RAM G गांवों में रहने वालों के लिए गारंटीड आजीविका के मौके और नौकरियां सुनिश्चित करेगा, जो आम नागरिकों की ज़िंदगी बेहतर बनाने के BJP के विज़न के अनुरुप है। उन्होंने कहा कि VB G RAM G खेती के अलावा दूसरे क्षेत्रों में भी रोज़गार के अवसर प्रदान करने के साथ ग्रामीण आधारभूत संरचना और नागरिक सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित करेगा। अगर किसी भी योग्य व्यक्ति को काम नहीं मिलता है, तो राज्य सरकार जुर्माने के साथ मुआवज़े का भुगतान करेगी।

0000000000000000000000000

नामसाई नगर पालिका के सीमा क्षेत्र तय करने के संबंध में DC कॉन्फ्रेंस हॉल में एक समनवय बैठका का आयोजन किया गया, जिसमें उपनुख्यमंत्री चाउना मेन भी उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि चूंकि नामसाई तेजी से एक शहर के रूप में विस्तार कर रहा है, इसलिए शहर के लोगों को सड़कों, साफ-सफाई, पानी की सप्लाई, स्ट्रीट लाइटिंग और बाज़ारों जैसी बुनियादी नागरिक सेवाएं सुनियोजित तरीके से उपलब्ध कराना बहुत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने सभी हितधारकों से नामसाई को एक मॉडल शहर बनाने के लिए मिलकर काम करने में सहयोग का आह्वान किया।

0000000000000000000000

ग्रामीण कार्य राज्य मंत्री पी.डी. सोना ने नामसाई जिले में मियाओ और नामसाई के लिए सर्कल-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें ग्रामीण कार्य विभाग के तहत PMGSY और VVP परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया गया। बैठक के दौरान, परियोजना के तहत मूल्यांकन, ज़मीनी स्तर पर प्रमुख मुद्दों की समीक्षा, और सड़क कार्यों की गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन एवं समय पर पूरा होने को सुनिश्चित करने के लिए समय-सीमा पर चर्चा की गई। इससे पहले, श्री सोना ने लोअर सियाङ जिले के लिकाबाली में भी इसी तरह की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान लेपरादा, लोअर सियाङ, वेस्ट सियाङ, सियाङ, ईस्ट सियाङ और अपर सियाङ में सड़क और बुनियादी ढांचा कार्यों की परियोजनाओं पर विस्तृत समीक्षा प्रस्तुत की गई। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि गुणवत्ता और समय-सीमा साथ-साथ चलनी चाहिए, और सभी हितधारकों को ज़मीनी स्तर पर पूरी तरह जवाबदेह और प्रतिबद्ध रहने का निर्देश दिया, क्योंकि अधिकांश PMGSY कार्यों के मार्च 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। इसके अलावा, बाधाओं को दूर करने और सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए इंजीनियरों और ठेकेदारों के साथ केंद्रित चर्चाएँ भी की गईं।

0000000000000000000000000

पासीघाट नगर परिषद के नव नियुक्त सदस्यों ने PMC कार्यालय में हुई एक बैठक के साथ अपना कार्यकाल शुरू किया। जिसके तहत तागोम पादुङ ने मुख्य पार्षद का पद संभाला, जबकि कामिन लेगो ने उप मुख्य पार्षद का पद ग्रहण किया। बैठक में समनवय, भूमिकाओं एवं जिम्मेदारियों, और भविष्य के नगर निगम प्रशासन पर चर्चा हुई। मीडिया से बात करते हुए, पासीघाट विधायक टी दाराङ ने सभी वार्डों में विकास फंड के समान वितरण और पार्षदों के सामूहिक कामकाज का आह्वान किया। उन्होंने सिबोकोरोंग के पास एक व्यापक ड्रेनेज योजना और एक वैकल्पिक स्टील फुटब्रिज का भी प्रस्ताव दिया। विभिन्न वार्डों के नए चुने गए पार्षदों ने पासीघाट उपायुकत सोनालिका जिवानी और पुलिस अधीक्षक पंकज लांबा के साथ इस सत्र में भाग लिया।

0000000000000000000000000

IGP (ऑपरेशंस) आपुर बितिन ने तिराप ज़िले के नामसांगमुख में 1st IRBN हेडक्वार्टर में पुलिस प्रतिष्ठान के अंदर अरुणाचल के पहले नेचर वॉक-कम-चिल्ड्रन पार्क का उद्घाटन किया। उन्होंने वेलफेयर एसेट्स का भी उद्घाटन किया, जिसमें वेट और ड्राई कैंटीन, जिम हॉल, मेस-कम-डाइनिंग हॉल, मल्टीपर्पस हॉल और ऑब्स्टैकल ट्रेनिंग फैसिलिटी शामिल हैं।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के ज़ीरो में पहली बार, इंटीग्रेटेड एक्वापार्क में रेनबो ट्राउट के अंडों को पायलट बेसिस पर सेया जा रहा है, जो ठंडे पानी की मछली पालन और एक्वाकल्चर इनोवेशन में एक बड़ा कदम है। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का हिस्सा है, जिसके तहत मत्स्य विभाग ने अलग-अलग राज्यों में 11 इंटीग्रेटेड एक्वापार्क के विकास को मंज़ूरी दी है, जिसकी कुल मंज़ूर लागत छः सौ बयासी दशमलव छः शुन्य करोड़ है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल सारस मेला 2026 का उद्घाटन राज्य के RD और पंचायती राज मंत्री ओजिंग तासिंग द्वारा ईटानगर के DK कन्वेंशन सेंटर में किया गया। राज्य के 25 जिलों की महिला SHG, सहित पश्चिम बंगाल, नागालैंड और मणिपुर के समुह इसमें हिस्सा ले रहे हैं। 25 जनवरी तक चलने वाले इस मेले में हाथ से बनी चीज़ें, स्वादिष्ट पकवान और संस्कृति पेश की जाएगी। इस फेस्टिवल में K-पॉप डांस, कॉसप्ले, पारंपरिक परफॉर्मेंस, पेट शो, अरुणाचल और सिक्किम के मदर किचन भी होंगे।

0000000000000000000000000